**खबर संक्षेप**

## स्वच्छताग्राही घर–घर जाकर कचरा एकत्र करेंगे



**पलारी।** जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल ने बुधवार को जनपद पंचायत पलारी अन्तर्गत ग्राम पंचायत खपरी बैज, लरिया, कानाकोट, सलौनी, खैरी, धमनी में निरीक्षण किया, जिसमें ठोस तरल अपशिष्ठ प्रबंधन में सेग्रीगेशन सेड, रिक्शा सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण शामिल हैं। इसमें सरपंच एवं सचिव स्वच्छाग्राहियों समूह को घर–घर कचरा संग्रहण करने प्रेरित किया गया तथा संचालन करने निर्देशित किया गया। इसमें प्रमुख रूप से उपस्थित मुख्य कार्यपालन अधिकारी, रोहित नायक ज.पं. पलारी, अनुविभागीय अधिकारी गुलशन गायकवाड़, कार्यक्रम अधिकारी अंजू भोगामी, विकासखण्ड समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन रजनीकांत बंजारे ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित थे।

## नवोदय का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**लवन।** नगर के जवाहर नवोदय विद्यालय में सीबीएसई का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। 12 वीं कक्षा के सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य बी गिरजा ने बताया कि नवोदय में कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय से कक्षा 12वीं में 39 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए जिसमें सभी 39 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12वीं में तेजस साहू 95.6 प्रतिशत ने प्रथम स्थान, रितेश कुमार सेन 92 प्रतिशत द्वितीय स्थान एवं ओजस्वनी साहू 91.4 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 10वीं में 79 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें 74 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में एवं 5 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10वीं में कमल पटेल 93.2 प्रतिशत ने प्रथम स्थान, लुकेश्वरी तिवारी 92.4 प्रतिशत ने द्वितीय स्थान एवं अन्नया साहू 92 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य बी. गिरिजा ने उत्कृष्ट एवं शत–प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए सभी विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार ने बधाई दी।

## खरोरा में मनाया गया विश्व परिवार दिवस

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया गया। जिसमें राजेंद्र चंद्राकर, मनु चंद्राकर, देबू चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस एक वार्षिक उत्सव है, जो परिवारों के महत्व और समाज में उनकी भूमिका का जश्न मनाने के लिए 15 मई को मनाया जाता है। परिवार हमें एक साथ बांधता है। हमें अपने परिवार के सदस्यों से जो प्यार मिलता है, वह हमें एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने और हमारे भावनात्मक संबंधों को मजबूत करने में मदद करता है। व्यक्तिगत विकास और समुदायों और सामाजिक एकजुटता की भावना को बढ़ावा देने में परिवार की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। परिवार के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है।

## अग्रवाल नर्सिंग होम में परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर कल

**बसना।** अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में 17 मई 2024 को मूत्र एवं पथरी रोग संबंधित ऑपरेशन शिविर का आयोजन रखा गया है। जिसमें किडनी, पथरी, प्रोस्टेट का समुचित जांच, इलाज एवं सर्जरी लेजर एवम दूरबीन द्वारा किए जाएंगे। किडनी में सूजन, पथरी एवं सिकुडन का इलाज पुरुषों में बांझपन एवं नपुंसकता का उपचार मूत्रकोष का संक्रमण एवं मूत्र नली का सिकुडन किडनी, प्रोस्टेट, टेस्टिस के कैंसर पेशाब का रुक रुक कर आना, लीक करना या खून आने का उपचार। पीडियाट्रिक यूरोलॉजी की सेवाएं इमरजेंसी यूरोलॉजी की सेवाएं, ट्रामा से लेकर किडनी में यूरिन ब्लॉकेज तक सभी का आपरेशन एवम परामर्श डॉ. तुषार दानी एमबीबीएस, एमएस, डीएनबी यूरोसर्जन 17 मई को अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में करेंगे। वे सुबह 10 बजे से उपलब्ध रहेंगे। आयुष्मान अथवा राशन कार्ड एवम बीजू कार्ड द्वारा निशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

# प्रदेश के 91 उत्कृष्ट शिक्षक-शिक्षिकाएं स्मृति चिन्ह और शाल से सम्मानित

### शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ ने किया सम्मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

छात्र एवं शिक्षकों के सर्वांगीण विकास एवं समाज सेवा के लिए संकल्पित संस्था शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन सिविल लाइन रायपुर में स्थित वृन्दावन हाल में हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर संस्था के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों एवं छत्तीसगढ़ के 91 उत्कृष्ट शिक्षक -शिक्षिकाओं को स्मृति चिन्ह, शाल, प्रमाण पत्र एवं वार्षिक कैलेंडर प्रदान कर सम्मानित किया गया। विकासखंड कसडोल से सहायक शिक्षक शांति कुमार साहू शास






प्राथमिक शाला मोहतरा, योगेश्वर साहू शास प्राथमिक शाला टेमरी, सरिता चंद्रा शास प्राथमिक शाला सुकली, तुलसी प्रसाद साहू शास प्राथमिक शाला डेराडीह, महादेव जायसवाल शास प्राथमिक शाला दर्री, गंगा राम मांझी शास प्राथमिक शाला खोसड़ा एवं शिक्षक मिश्री लाल साहू शास पूर्व मा शा शाला रामपुर और रमाशंकर साहू शास पूर्व मा शा शाला बैगनडबरी को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवाचार एवं शिक्षा के प्रति समर्पित होकर कार्य करने के लिए शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी, छत्तीसगढ़ संस्था द्वारा कार्यक्रम उपस्थित विशिष्ट अतिथि मीर अली मीर एवं करुणा साहू, पवन डहरिया, चन्द्रशेखर परघनिया, तारेन्द चन्द्राकर द्वारा स्मृति चिन्ह, शाल, प्रमाण पत्र एवं वार्षिक कैलेंडर भेंट कर सम्मानित किया।

### प्रवेश : चयनित छात्रों को 22 मई तक लेना होगा प्रवेश

# स्वामी आत्मानंद में प्रवेश के लिए निकाली लाटरी पालकों ने चयन प्रक्रिया डिस्प्ले बोर्ड पर देखी







हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में बुधवार को बच्चों की भर्ती लॉटरी के माध्यम से की गई। इसमें कसडोल क्षेत्र के सभी अभिभावक उपस्थित रहे। उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य द्वारा नियम एवं शर्तें बताई गई। साथ ही कुल पात्र एवं अपात्र की जानकारी दी गई, जिसमें कक्षा पहली के 50 रिक्त सीट के लिए कुल 107 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 84 पात्र एवं 23 अपात्र पाए गए। इसी तरह कक्षा दूसरी में रिक्त 5 सीट के लिए 27 आवेदनों में 7 पात्र एवं 20 अपात्र, कक्षा तीसरी रिक्त 8 सीट कुल 23 आवेदनों में 10 पात्र एवं 13 अपात्र, कक्षा चौथी में रिक्त 6 सीट के लिए 19 आवेदन मिले जिसमें 9 पात्र एवं 10 अपात्र पाए गए। कक्षा पहली में कुल रिक्त सीटों 50 में 50 प्रतिशत सीट बालिका के लिए चयन किया गया और बालक के सीट में 25 प्रतिशत बीपीएल परिवार और 25 प्रतिशत एपीएल के साथ बीपीएल का चयन किया गया।

इस अवसर पर सहायक जिला शिक्षाधिकारी केके गुप्ता, लॉटरी नोडल अधिकारी विकासखंड शिक्षधिकारी रमाकांत देवांगन, सहायक नोडल अधिकारी आरडी पटेल, नायब तहसीलदार कैवर्त, आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य संतोष वर्मा, स्टॉफ, पालक गण एवं मीडिया प्रभारी साहेब लाल साहू, देवेंद्र साहू उपस्थित रहे। उन्होंने सभी लॉटरी से चयनीत बच्चों और उनके अभिभावकों को बधाई दी। कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से अभिभावकों तक पहुंचाने के लिए प्रोजेक्टर भी लगाए गए थे, ताकि लॉटरी पूरी पारदर्शिता के साथ हो सके, जिसे अभिभावकों ने सराहा। एडमिशन कराने अंतिम तिथि 22 मई है। निर्धारित तिथि तक प्रवेश नहीं लेने पर चयनित नाम स्वयं ही निरस्त माना जाएगा, जिसकी जवाबदारी स्वयं पालक की होगी। तत्पश्चात प्रवेश प्रतीक्षा सूची से लिया जायेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा और और उत्कृष्ट विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की हो जांच, ग्रामीणों ने कलेक्टर को लिखा पत्र



**मुड़पार-सरसीवां।** आए दिन न्यूज के माध्यम से कई ब्रांडेड कंपनीयों के खाद्य सामग्रियों व कुछ मसाले को बैन करने की खबर चली आ रही है, जिसमें सिंगापुर और हांगकांग जैसे सम्पन देश ने कई मसाले कंपनी के मसाले बैन कर दिए हैं। उन्होंने अपने जांच एजेंसी से जांच करायी तो पता चला की इसमें एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा बहुत ज्यादा है, जिससे की लोगों को कैंसर होने की संभावना बहुत अधिक है। एथिलीन ऑक्साइड बहुत ही खतरनाक केमिकल है। एथिलीन ऑक्साइड को सूंघने भर से कैंसर होने का खतरा होता है, इतना बस से आप सोच सकते हैं यह कितना खतरनाक होगा। इससे मुख्य रूप से स्तन कैंसर, मस्तिष्क, पेट, अग्नाशय, लिम्फेटिक और हेमेटोपोएटिक कैंसर एवं विभिन्न प्रकार के कैंसर होने की संभावना बहुत अधिक होती है। सरसींवा क्षेत्र के लोगों के साथ-साथ राज्य, देश को इसे गंभीरता से लेना चाहिए, क्योंकि हम इसे एक आयुर्वेदिक मिश्रण के रूप में घर में उपयोग करते हैं और वास्तविक में यदि मसालों में मिलावट न हो तो यह कई तरह से हमारे शरीर को फायदे पहुंचाने का काम करता है, परन्तु कुछ देशों में जांच उपरांत इन मसालों में कैंसर के कारकों का मिलावट होना बताया गया जो जांच का विषय है। इसी प्रकार तेल में लिक्विड पैराफिन नामक केमिकल मिलाया जाता है। दूध में यूरिया, अमोनिया, नाइट्रेट फर्टिलाइजर, शुगर, नमक और ग्लूकोज की मिलावट। यदि इन पर शासन-प्रशासन ध्यान नहीं देता है तो मिलावटखोरी तो बढ़ती जाएगी, साथ ही साथ लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ भी होगा। इसलिए क्षेत्र के लोगों का कहना है कि शासन-प्रशासन इसे गंभीरता से ले और विभाग से जांच कराये। इसके मद्देनजर भिनोदा निवासी गोपी अजय ने सारंगढ़ कलेक्टर को पत्र लिख मांग की है कि सभी दुकानों में विक्रय के लिए रखे खाद्य सामग्रियों, पेय पदार्थों और मसालों की जांच पड़ताल की जाएं की वाकई में खाने योग्य है या नहीं ताकि लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ न हों।

# सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में ग्रामीणों छात्रों ने किया कमाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा में इस बार ग्रामीण क्षेत्र के छात्र–छात्राओं ने कमाल कर दिखाया है। इससे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और जनप्रतिनिधिगण बच्चों के सम्मान करने और बधाई देने उनके घर पहुंच रहे हैं। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन छात्र–छात्राओं ने नए कीर्तिमान रचे हैं और आगे भी प्रयास जारी रहेगा। छात्रों 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करते हुए इस मिथक को तोड़ दिया है कि पढ़ाई में केवल शहरी क्षेत्र की ही बहुलता होती है। सोमवार को जारी किए गए सीबीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा में स्थानीय निवासी एवं एबीपीएस रावन में अध्ययनरत राशि वर्मा पिता लीला शंकर वर्मा माता लक्ष्मी ने 96.2 प्रतिशत, एकता पिता धनीराम साहू माता ललित साहू ने 95.6 प्रतिशत, जीतेश पिता परमेश्वर वर्मा माता धनेश्वरी वर्मा ने 95.2 प्रतिशत, सेजल वर्मा पिता हेमप्रकाश माता सीमा वर्मा ने 94.8 प्रतिशत और रोशन वर्मा पिता मिथिलेश वर्मा माता उर्मिला वर्मा ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ग्रामीण क्षेत्र का परचम फहराते हुए अपने माता–पिता, स्कूल एवं शिक्षकों को गौरवान्वित किया है।

## मूरा हाई स्कूल के 17 बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण

**बंगोली।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें शासकीय हाई स्कूल मूरा का परीक्षा परिणाम उत्तम रहा। कक्षा दसवीं की परीक्षा में 29 बच्चे शामिल हुए, जिसमें प्रथम श्रेणी में 17, द्वितीय श्रेणी में 11 एवं एक छात्र पूरक रहा। परीक्षा परिणाम 96.55 प्रतिशत रहा, जिसमें प्रथम स्थान निखिल 87 प्रतिशत, द्वितीय कुमारी वंदना 80.5 प्रतिशत, उमेश 78.66 प्रतिशत स्थान रहा है। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले छात्र अजय, आकांक्षा, जितेंद्र, किरण, नील शंकर, निहारिका, प्रेरणा, रजनी, राखी, सोहन, सोमेश, तुलिका, विद्या, विवेक शामिल हैं। इस परीक्षा परिणाम पर माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने छात्रों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# बच्चों को अंग्रेजी के साथ बोलचाल की भाषा में पारंगत बनाने प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

ग्राम हथबंद में झरना देवी मानव सेवा संस्थान में 1 मई से 15 जून तक अंग्रेजी ग्रामर के साथ-साथ आम बोल चाल की भाषा जो दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली शब्दों एवं वस्तु के आदान प्रदान जैसे गति विधियों के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें ग्राम धोधा, खिलौरा, केसली नयापारा, नेवधा, सीतापार डोंगरिया के बच्चे लाभ उठा रहे हैं।

प्रांत प्रमुख चंद्रकुमार डंडसेना शिक्षा सेवा क्षेत्र खरोरा से मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचने से बच्चों में उत्साह देखा गया। संचालित निःशुल्क अंग्रेजी कोचिंग क्लास में वर्तमान एवं आने वाली पीढ़ी को हमारे संस्कार की जानकारी किस प्रकार से जीवन में उपयोग होना है की जानकारी दी जा रही है। बच्चों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए बताया जा रहा है कि संस्कार के बिना शिक्षा का महत्व संभव नहीं है, जहां संस्कार नहीं वहां शिक्षा का कोई महत्व नहीं होगा। संस्कार बिन जीवन पशु समान है। शिक्षा वहीं सार्थक होगी जहां पर लोग संस्कारी होंगे। संस्कार हेतु मुख्य 6 बाते को जीवन में उतारना है, जिसमें सूर्योदय से पहले उठना, धरती, माता-पिता, गुरुजनों को प्रणाम करना, स्नान के समय पवित्र नदियों का स्मरण करना, स्वच्छता को अपनाना, शरीर स्वस्थ रखने योग और प्रयाणम करना, मंत्र उच्चारण कर भोजन प्राप्त करना, स्वाध्याय, शिक्षा ग्रहण में आलस नहीं करना, अपने इष्ट देव को स्मरण करना इन सारी गति विधि को जीवन के क्रियाकलाप में उतारने पर जोर दिया जा रहा है। संचालक अखिलेश्वरी शुक्ला योगा चार्या ने सभी बच्चों को रोज सुबह-सुबह योग करने का लाभ बताते हुए प्रयाण्म, अनिलोम, विलोम एवं ध्यान मंत्र का जाप कर आपने जीवन को स्वस्थ रखने कहा जा रहा है। कार्यक्रम में भावेश साहू, खिलेंद्र निषाद , कृष्णा मोहन ठाकुर, जिशान कुरैशी, जागृति साहू, प्रियंका बाला, गोवर्धन निषाद आदि बच्चे शामिल हैं।

# लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण करें सभी विभागीय अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

■ एसडीएम ने समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन ने समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। श्री जैन ने आनलाइन पोर्टलों में लंबित आवेदनों के निराकरण की स्थिति की विभागावार समीक्षा की एवं जनशिकायत एवं जनचौपाल में आए प्रत्येक आवेदन की जांच कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इसके पश्चात समय सीमा की बैठक में चिन्हित प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों की समीक्षा कर कार्यवाही करने कहा। उन्होंने कहा कि लंबित आवेदनों का स्थाई निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि बार–बार उन्हें आवेदन ना करना पड़े। इसके अलावा कृषि विभाग अंतर्गत रासायनिक ऊर्वरक भंडारण, वितरण एवं बचत की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए।

श्री जैन ने विभागों से विभिन्न निर्माण कार्यों से संबंधित पूर्ण एवं अपूर्ण कार्यों की जानकारी ली। आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत पूर्ववर्ती जिले से लंबित राशि के संबंध में प्रकरण का निपटान करने कहा। वन विभाग अंतर्गत भूमि विवाद की जानकारी लेकर राजस्व विभाग के अधिकारी को निराकरण करने कहा। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू ने लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतगणना के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान ने निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट के आधार पर अप्राप्त जानकारी लेकर कार्य समय पर पूर्ण करने कहा। इस अवसर पर एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल एवं जिले के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### सेन महाराज की जयंती पर समाज ने निकाली शोभायात्रा

# सनातन धर्म में सेन समाज का है महत्वपूर्ण स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

सेन संगठन के तत्वावधान में संत शिरोमणि सेन महाराज की 724वीं जयंती समाज ने धूमधाम से मनाई। इस दौरान सेन समाज की ओर से गायत्री मंदिर से भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जो मुख्य मार्ग से होते हुए हर चौक चौराहे व नगरवासियों को सेन महाराज की जयंती की बधाई देते हुए आगे बढ़ते गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुमार सेन अध्यक्ष केश शिल्पी कला बोर्ड, किशन सेन छालीवुड अभिनेता सिंगर के अलावा अंचल के बड़े बुजुर्ग स्वजातीय पदाधिकारियों का श्रीफल, शॉल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

नंद कुमार सेन ने कहा किसी के हर सुख–दुःख में साथ खड़े रहना एक सभ्य



समाज की पहचान है। सेन समाज उन्हीं में से एक है। सदियों से ये परंपरा का निःस्वार्थ निर्वहन कर रहे हैं। सनातन धर्म में सेन समाज का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। किशन सेन ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए हर व्यक्ति को सकारात्मक सोच के साथ आगे आना होगा। उन्होंने शिक्षा को बढ़ावा देने, कुरीतियां त्यागने, संगठित होने व समाज में आपसी सदभाव की भावना बढ़ाने की बात कही। इस अवसर पर हरिशंकर श्रीवास अध्यक्ष लवन राज, रामकुमार श्रीवास अध्यक्ष बलौदा बाजार परिक्षेत्र, मलेश्वर श्रीवास, विष्णु सेन सदस्य संतोष, जीतू, कृष्ण, भरत सेन, नरेंद्र, संतोष, विष्णु, राम, तरुण, तुका, पुनित, खिलेंद्रा, राकेश, सुरेंद्र नरोत्तम, भारत, ललित, विश्राम, राजू, गोलू, शिवा, राज नारायण, फागू राम सेन सहित क्षेत्र के पदाधिकारी एवं स्वजाति बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024, 05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411